तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026



14 सायरन बजते ही हरकत में आई टीमें, तुरंत शुरू ...





14 जनसूई के सरपंच व उसके पेट्रोल पंप पर ...




# भव्या ने 500 में से 494 अंक लेकर करनाल जिले में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम अत्यंत गौरवपूर्ण एवं उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा भव्या पुत्री प्रमोद कुमार ने 500 में से 494 अंक प्राप्त कर करनाल जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। इसके साथ ही विद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। आकांक्षा पुत्री संतोष कुमार तिवारी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। वहीं रीत पुत्री अशोक चावला ने 96 प्रतिशत, स्नेहा पुत्री विनोद कुमार ने 95 प्रतिशत अंक,चंचल पुत्री बलराम ने 94 प्रतिशत तथा कृष पुत्र रिंकू ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इन सभी छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण बना हुआ है। विद्यालय परिसर में छात्रा के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय, प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी तथा समस्त शिक्षकों ने बच्चों को पुष्प मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।



तरावड़ी। छात्र-छात्राएं अपनी सफलता पर जश्न मनाकर एकदूसरे का मुंह मीठा करवाते हुए साथ में स्टाफ।

## कुरुक्षेत्र में तृषा 98.2% अंक लेकर जिले में प्रथम रही

- सर छोटू राम हाई स्कूल गांव मंगोली जट्टान की बेटी ने नाम रोशन किया

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 91.35 प्रतिशत रहा। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि जिला के 8488 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 7754 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। सर छोटू राम हाई स्कूल गांव मंगोली जट्टान की छात्रा तृषा 98.2%अंक लेकर जिले में प्रथम रही और विद्याव्रत स्कूल घराड़सी की छात्रा ईशा 97.6% अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही वहीं शहीद सुरेंद्र कुमार स्कूल बाराना की छात्रा दीपिका 97.4 प्रतिशत अंक लेकर जिले में तीसरे स्थान पर रही।

शहीद स्मारक में 210 फुट ऊंचे तिरंगे के लिए किया निरीक्षण

# शहीद स्मारक में लगा तिरंगा लोगों को देगा राष्ट्रभक्ति का संदेशः विज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

अंबाला अंबाला छावनी स्थित शहीद स्मारक अब देशभक्ति का नया प्रतीक बनने जा रहा है। अनिल विज ने बताया कि स्मारक परिसर में 210 फुट ऊंचा विशाल तिरंगा फहराया जाएगा, जो 206 फुट ऊंचे मेमोरियल टॉवर से भी ऊंचा होगा। यह अंबाला का सबसे ऊंचा तिरंगा होगा और दूर से ही राष्ट्रभक्ति का संदेश देगा।ऊर्जा मंत्री ने शहीद स्मारक पहुंचकर तिरंगा लगाने के स्थान का मुआयना किया और अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। शहीद स्मारक के निदेशक कुलदीप सैनी ने बताया कि तिरंगा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा लगाया जाएगा और तकनीकी टीम जल्द स्मारक पहुंचेगी।करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से 22 एकड़ भूमि पर बने इस शहीद स्मारक को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को समर्पित किया गया है। यहां आने वाले समय में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचेंगे। मंत्री अनिल विज ने कहा कि स्मारक में सबसे पहले लोगों की नजर तिरंगे पर पड़नी चाहिए, क्योंकि यह देश की आन-बान और शान का प्रतीक है।



अंबाला। शहीद स्मारक का अवलोकन करते मंत्री अनिल विज।

### 1857 के शहीदों को मिला सम्मान

1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित शहीद स्मारक का निर्माण ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी में किया जा रहा है। जीटी रोड पर 22 एकड़ भूमि पर निर्मित शहीद स्मारक में 1857 में शहीद हुए अनसंग वीरों को नमन किया जा सकेगा। लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से शहीद स्मारक बन चुका है जिसका आने वाले दिनों में जल्द उदघाटन होगा। वीरों की भूमि अम्बाला छावनी, शहीदों को मिला सम्मान अंबाला। छावनी वीरों की भूमि है जहां से 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला फुटी थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से शहीदों को नमन करने हेतु शहीद स्मारक का निर्माण किया है।

## खबर संक्षेप

### कहासुनी होने पर युवक पर रॉड से हमला

**यमुनानगर।** जगाधरी के गुप्ता पैलेस के पीछे कहासुनी होने पर तीन युवकों ने दुर्गा गार्डन निवासी गौरव पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्गा गार्डन निवासी गौरव ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से जा रहा था। वहां पर उसकी लविश, वरुण व पुरुषोत्तम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पंचायती भूमि से 55 खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने गांव कलेसर की पंचायती भूमि पर खड़े खैर के 55 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने गांव की महिला सरपंच की शिकायत पर अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कलेसर की महिला सरपंच शैलेंद्र देवी ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव की पंचायती भूमि पर खैर के पेड़ लगे हुए हैं। चार अप्रैल को उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने पंचायती भूमि पर खड़े खैर के पेड़ काट कर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची। जांच के दौरान वहां से खैर के 55 पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 90 हजार रुपये है।

### प्रेम जाल में फंसा कर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसे होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोहेल नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उससे फोन पर बात करने लगा। इसके बाद आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। चार मई को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सोहेल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## करनाल हाइवे पर भीषण टक्कर, बाइक के उड़े परखच्चे

# हादसे में डीआईपीआरओ कार्यालय के ड्राइवर की मौत

- नीलकंठ ढाबे के पास हादसा, 19 साल से सेवाएं दे रहे कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल के नेशनल हाईवे पर नीलकंठ ढाबे के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। मृतक की पहचान केवली गांव निवासी 48 वर्षीय विजय के रूप में हुई है। वह करनाल के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) कार्यालय में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था और करीब 19 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा था। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। प्रत्यक्षदर्शी कपिल के अनुसार बीती रात विजय अपनी साइड में बाइक लेकर जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ईआरवी इंचार्ज राजेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं मधुबन थाना के जांच अधिकारी लखमन सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।



मृतक विजय



# करियर डिफेंस स्कूल में अवैध क्लीनिक का भंडाफोड़

## बिना लाइसेंस छात्रों को दी जा रही थी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जगाधरी व्यासपुर रोड स्थित करियर डिफेंस स्कूल में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में पाया गया कि छात्रों को बिना लाइसेंस के एलोपैथिक दवाइयां व इंजेक्शन दिए जा रहे थे। इसके साथ ही मौके से दवाइयां, सिरिंज, इंजेक्शन और तीन बेड बरामद किए गए। जांच में छात्रों के हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरे भी मिले हैं। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। डीईओ प्रेमलता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें जगाधरी व्यासपुर रोड स्थित करियर डिफेंस स्कूल काफी अनियमितताएं हैं। सूचना मिलते ही टीम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापामारी की। जहां पर टीम को स्कूल में बिना अनुमति एनडीए, आईआईटी और सैनिक स्कूल की रिहायशी कोचिंग चलती मिली। आरोप है कि छात्रों से इसके लिए भारी फीस वसूली जा रही थी। हॉस्टल के कमरों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे मिले। जांच टीम के अनुसार पहले भी इन्हें हटाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कैमरे नहीं हटाए गए। कैमरों की लाइव फीड स्कूल हेडक्वार्टर तक भेजी जा रही थी। जांच के दौरान हॉस्टल में एक्सपायरी दूध के पैकेट और खराब साफ. सफाई भी मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम को स्कूल परिसर में एक अवैध क्लीनिक मिला। आरोप है कि यहां बिना लाइसेंस छात्रों को एलोपैथिक दवाइयां और इंजेक्शन दिए जा रहे थे। मौके से दवाइयां, सिरिंज, इंजेक्शन और तीन बेड बरामद किए गए।

## शिक्षा मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की

# अवैध कब्जों को सख्ती से हटवाए प्रशासन : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ नगर निगम क्षेत्र से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए एएसटीपी की वस्तुस्थिति जानी व हुडा सेक्टर-8 में इसके निर्माण को लेकर चर्चा की। वहीं, हुडा सेक्टर-40 की निकासी व्यवस्था पर भी अधिकारियों से जानकारी ली गई। मंत्री ढांडा ने नगर निगम से संबंधित समीक्षा में अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। वहीं हुडा सेक्टर-18 के पांच पार्कों के कायाकल्प, सेक्टर-8 और सेक्टर-40 में ग्रीन बेल्ट निर्माण तथा सेक्टर-29 के नाले की स्थिति पर भी चर्चा की गई। मंत्री ढांडा ने सिंचाई, बागवानी, पब्लिक हेल्थ और टाउन प्लानिंग विभाग के विकास कार्यों की भी समीक्षा की। जबकि उन्होंने गांव ददलाना में एसटीपी तथा सीवरेज से जुड़े एसटीपी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री ढांडा ने सभी विकास योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नहरों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। मंत्री क्राइम फ्री करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों पर सख्ती की जाए।



पानीपत। जिला सचिवालय में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### इसराना में एसबीआई के पूर्व मैनेजर ने 83 लाख ठगे

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की इसराना शाखा के पूर्व मैनेजर दलीप कुमार झा निवासी विराट नगर, पानीपत मूल निवासी दिल्ली पर 83 लाख 54 हजार रुपये के गबन का आरोप लगा है। आरोप है कि उन्होंने 9 मई 2022 से 15 मई 2023 के बीच अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से 14 लोन खाते खोले और बैंक ग्राहकों के खातों से लाखों रुपये अपने तथा रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर लिए।बैंक ऑडिट में सामने आया कि आरोपी ने बिना उचित दस्तावेज और सुरक्षा मानकों के अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम पर लोन जारी किए। पकड़े जाने के डर से कई खातों को बिना बैंक प्रविष्टि के बंद भी कर दिया गया। जांच में यह भी पता चला कि ग्राहकों की जानकारी के बिना उनके खातों से 13.69 लाख रुपये निकाले गए। यह राशि पहले बैंक के पार्किंग अकाउंट में डाली गई और बाद में आरोपी, उसकी पत्नी नेहा झा तथा ससुर के खातों में ट्रांसफर कर दी गई।मामले का खुलासा नए शाखा प्रबंधक द्वारा कराए गए ऑडिट में हुआ। कोर्ट के आदेश पर थाना इसराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 5.25 लाख रुपये

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुरा निवासी जसविंदर सिंह को विदेश भेजने के नाम पर 5.25 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप जोगिंदर सिंह व उसकी पत्नी निकुंज कौर पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बसंतपुरा कॉलोनी निवासी जसविंदर सिंह ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। सितंबर 2025 में उसकी मुलाकात जोगिंदर सिंह व उसकी पत्नी निकुंज कौर के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं और उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने सितंबर 2025 से नवंबर 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके 5.25 लाख रुपये ले लिए और उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बार आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपत में बच्चे की हादसे में मौत

**पानीपत।** फौजी नगर में रहने वाले वीरबाबू के चार वर्षीय पुत्र सत्यम (मूल निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश) की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सत्यम गली में खेल रहा था, तभी एक पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





# मार्केट कमेटी ने किसान को दी 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री

मार्केट कमेटी कार्यालय इंद्री मे मार्किट कमेटी इंद्री के चेयरमैन महेंद्र सिंह पंजोखरा ने एक जरूरतमंद किसान परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान गांव चासमंद निवासी विक्रम सिंह को 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा गया। महेंद्र सिंह पंजोखरा ने बताया कि विक्रम सिंह खेत में कृषि कार्य करते समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिसमें उनके एक हाथ का अँगूठा कट गया था। मार्केट कमेटी की ओर से नियमों के अनुसार उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। उन्होने कहा कि मार्किट कमेटी किसानों और खेती से जुड़े मजदूरों के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के दौरान यदि किसी किसान या खेतिहर मजदूर के साथ दुर्घटना हो जाती है और अंग भंग या मृत्यु जैसी स्थिति बनती है।



इंद्री। आर्थिक सहायता का चेक देते मार्किट कमेटी इंद्री के चेयरमैन महेंद्र सिंह पंजोखरा। फोटोः हरिभूमि

## गुजरात से ट्रेन में सफर कर कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचे राज्यपाल आचार्य डॉ. देवव्रत

विश्वविद्यालयों में सप्ताह में एक दिन वाहन मुक्त दिवस मनाने की अपील

# साइकिल चलाकर ईंधन बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत ने कहा कि देश की मुद्रा स्फीति को मजबूत बनाने की बात ध्यान में रखते हुए नागरिक स्वदेशी खरीददारी करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें। ऐसा करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को जल्दी हासिल किया जा सकेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल का कम प्रयोग करने के आह्वान को अपनाने की अपील की। गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत वीरवार को रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत ने नागरिकों के समक्ष ईंधन बचाने का एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुजरात से कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन तक ट्रेन में सफर किया और शताब्दी एक्सप्रेस से सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर स्टेशन पर पहुंचे। यहां पर नागरिकों और गुरुकुल परिवार के लोगों ने राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत का जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत साइकिल चलाकर गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल का शहर के नागरिकों ने जगह जगह स्वागत किया। इस साइकिल यात्रा में उनके साथ ओएसडी डा. राजेन्द्र विद्यालंकार, गौरव आर्य सहित साई के खिलाड़ी, आर्य समाज और गुरुकुल परिवार के साथ साथ आम नागरिक सहित लगभग 200 साईकिलिस्ट शामिल हुए। राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत के नेतृत्व में यह साइकिल यात्रा रेलवे रोड, छठी पातशाही गुरुद्वारा, पैनोरमा चौक, महाराणा प्रताप चौक, एलएनजेपी अस्पताल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से होते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पहुंची, यहां पहुंचने पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने परम्परा अनुसार स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के जयघोष से पूरा गुरुकुल गूंज उठा। राज्यपाल ने सभी नागरिकों का साईकिल यात्रा में शामिल होने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन को बचाने के लिए हवाई जहाज व हेलीकॉप्टर के सफर को देश में सामान्य स्थिति होने तक बंद कर दिया गया है और काफिला भी 3 वाहनों तक सीमित कर दिया गया है। इस मौके पर राज्यपाल की धर्मपत्नी दर्शना देवी, ओएसडी डा. विद्यालंकार, गौरव आर्य, कविता चौधरी, योगवीर लाम्बा, रामनिवास, समाजसेवी डा. सम्पूर्ण सिंह, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, धर्म सिंह, समाजसेवी पवन गर्ग, डीएसपी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। साइकिल चलाकर ईंधन बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते गुजरात के राज्यपाल आचार्य डॉ. देवव्रत। फोटोः हरिभूमि

### ईंधन बचाने का संदेश घर घर तक पहुंचाए

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के ईंधन बचाने का संदेश घर घर तक पहुंचाए। इससे कोरोना काल की तरह देश इस विकट स्थिति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से विकास की राह पर तेजी से आगे बढेगा। आचार्य डा. देवव्रत ने कहा कि गुजरात के सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर सप्ताह में एक दिन व्हीकल का प्रयोग बंद करने के लिए कहा गया है। इस दिन विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक वाहनों से सफर किया जाए। साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन को यात्रा में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश के नागरिकों को अपना सहयोग देना चाहिए।

# पानीपतः कुनाल की हत्या के तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत में कुनाल की हत्या करने के तीन आरोपियों पंचम, राहुल, राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि आरोपियों का मृतक कुनाल के साथ बीड़ी-माचिस मांगने विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने कुनाल की हत्या की। वहीं, डीएसपी नवीन संधू ने बताया कि थाना किला पुलिस ने विकास की शिकायत पर विक्की सैनी, विकास सैनी, प्रिंस, वासु, राजा, ध्रुव, वरुण, कुलदीप, कन्हैया, विशाल, सहपाल, राहुल आदि पर केस दर्ज है, वहीं फरार आरोपियों को भी जल्द पकडा जाएगा।



# पानीपतः सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव कारद के पास एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय बाइक सवार सचिन पुत्र नरेंद्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सचिन अपनी बाइक से जा रहा था, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खबर संक्षेप**

### 24 को होगी स्वर्गीय उषा गुप्ता की प्रार्थना सभा

**करनाल।** नगर की प्रतिष्ठित समाजसेविका एवं श्रवण गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती उषा गुप्ता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनकी पुण्य स्मृति में 24 मई को विशाल प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। स्वर्गीय उषा गुप्ता का सामाजिक सरोकारों से गहरा जुड़ाव रहा। परिवार करनाल के सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहचान रखता है। परिवार की सदस्य एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता लगातार समाज सेवा कार्यों में सक्रिय हैं।

### मधुर वाणी व श्रेष्ठ कर्मों से बनाएं जीवन को दिव्य

**तरावड़ी।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तरावड़ी केंद्र में ओम शांति मूल मंत्र के साथ मानव जीवन के कल्याण एवं विश्व शांति की भावना से साप्ताहिक मुरली रूपी सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया गया। केंद्र की संचालिका बी के सुदेश बहन, रीना बहन एवं रेणु बहन ने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मिक गुणों को धारण कर स्वयं को श्रेष्ठ बनाना है।परमात्मा शिव आत्माओं को यह शिक्षा देते हैं कि जीवन में मधुरता, सहनशीलता, नम्रता और पवित्रता का विशेष महत्व है। जब मनुष्य अपने विचारों और व्यवहार को सकारात्मक बनाता है, तब उसका जीवन सुख, शांति और आनंद से भर जाता है। आज संसार में अशांति, तनाव और स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, जिसका मुख्य कारण आत्मिक ज्ञान की कमी है।

### स्वामी ज्ञानानंद के अवतरण दिवस पर लगा शिविर

**करनाल।** गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में निशुल्क होम्योपैथिक शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ स्वयं स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने किया। इस अवसर पर असंध विधायक योगेंद्र राणा तथा सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा भी मौजूद रहे। शिविर में डॉ. कपिल भाटिया सहित अन्य चिकित्सकों और उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा निशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित कीं। आयोजकों ने बताया कि अब यह स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार को लगाया जाएगा।

## 10वीं में अनिल शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

# बोर्ड परीक्षा में चमके जिले के विद्यार्थी



**करनाल।** 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्रबंधन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं प्राइमरी स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 31 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी सफल रहे। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्यों एवं विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के विद्यार्थी अनिल शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। हरमन सिंह, मेहुल और आदित्य ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। निष्ठा, योगिता, शाइन और जसनप्रीत सिंह ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। चाहत ने 87 प्रतिशत, आर्यन, मयंक पंचाल और राघव ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। डीप और मनप्रीत ने 84 प्रतिशत, गीत ने 82 प्रतिशत तथा जसप्रीत सिंह, अनुज, हरसिमरन कौर, खुशी, राघव और रहमत ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति के तीनों केंद्रों का परिणाम 100%

**करनाल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति के करनाल, हिसार और गुरुग्राम केंद्रों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। संस्था की चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की यह उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि संस्था के अंतर्गत 10वीं कक्षा के 82 और 12वीं कक्षा के 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी सफल रहे। 12वीं कक्षा में अंकित और खुशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि 10वीं में ऋतु और गुरविंदर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्था का नाम रोशन किया। सोसायटी के सहायक निदेशकों और स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**करनाल।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करतीं चेयरपर्सन मेघा भंडारी।

### बारहवीं परीक्षा में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**तरावड़ी।** एस एम एस मैमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में गत वर्ष की भाँति कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के विज्ञान संकाय से गगनदीप, लक्षिता, कोमल वाणिज्य संकाय से सुशांत, अक्षय, नवीत ,अर्शदीप ने बाजी मारी वहीं पर कला संकाय में धनेश्वरी ,अनमोल , मनराज ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का उत्सव मनाया तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ॰ विभा कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 12वीं का परिणाम विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सफलता उनके परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन में ऊँचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों की अथक मेहनत और विद्यालय के सतत मार्गदर्शन को दिया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रशासन ने आशा जताई कि सभी विद्यार्थी इसी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे तथा विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करते रहेंगे।



**तरावड़ी।** स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक व शिक्षकों के साथ।

### शहीद उधम सिंह स्कूल के छात्रों का 12वीं के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन



**इंद्री।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परिणाम में शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति खरबंदा ने बताया कि कॉमर्स संकाय में तृषिका कांबोज ने 92.4 प्रतिशत, विनस ने 91.5 प्रतिशत, मेडिकल स्ट्रीम में तनवी ने 90.2 प्रतिशत, आर्ट्स संकाय में गुरवीर ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए गए है। इसके अलावा अलग-अलग बच्चों द्वारा विषय अनुसार फाइन आर्ट्स में 99 अंक, हिंदी में 96 अंक, इंग्लिश में 95 अंक, इकोनॉमिक्स में 95 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 94 अंक, बिजनेस स्टडी में 94 अंक, केमिस्ट्री में 93 अंक, अकाउंट में 92 अंक, फिजिक्स में 86 अधिकतम अंक प्राप्त किए । इसके अलावा 10 से अधिक छात्रों द्वारा मेरिट में स्थान हासिल किया व 30 से अधिक छात्रों द्वारा फस्ट डिविजन में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की सफलता पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । प्रिंसिपल ज्योति खरबंदा ने बताया कि छात्रों की मेहनत, नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो पाई है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक रमेश कांबोज व कंवरलाल, अध्यापिका सोनिया कांबोज, सपना, देवेश कुमार सैनी, धर्मवीर, नरेश भाटिया आदि मौजूद रहें ।



**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में बारहवीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते अध्यापक-अध्यापिकाएं।

## प्रताप स्कूल के छात्रों ने बारहवीं में अव्वल आकर किया स्कूल का नाम रोशन

### स्कूल के 32 विद्यार्थियों ने प्राप्त की मेरिट

- चेयरपर्सन हन्नी चौधरी ने दी छात्रों की उपलब्धि पर बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी ने कक्षा बारहवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के साथ एक बार फिर सफलता का पंचम फहराते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। विद्यालय ने गत वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को सिद्ध किया। विद्यालय के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी एवं निर्देशिका पिथी चौधरी ने विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कक्षा बारहवीं के विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सूची में वाणिज्य संकाय में गर्वित ने 94.8 प्रतिशत, जपनदीप 94.8 प्रतिशत, कला संकाय में चक्षु सिंह ने 94 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में गर्विश मुंजाल ने 93.4 प्रतिशत पाए।

#### मेधावी विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी कड़ी में 32 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। 73 प्रतिशत विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की और 93 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन एवं अनुशासन का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसी कड़ी में इंग्लिश में दीक्षांत एवं अंशिका ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 34 हैं। फाइन आर्ट में 5 विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 59 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। फिजिकल एजुकेशन में 3 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। गणित में 97 प्रतिशत गर्विश मुंजाल, इकोनॉमिक्स में 96 प्रतिशत गर्वित एवं पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार बायोलॉजी में दीक्षांत ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिस्ट्री में चक्षु सिंह ने 96, पॉलिटिकल साइंस में करणदीप सिंह ने 95 प्रतिशत, बिजनेस स्टडी में जपनदीप ने 94 प्रतिशत, अकाउंट्स में गर्वित ने 93 प्रतिशत जियोग्राफी में चक्षु सिंह ने 92 प्रतिशत, हिंदी में हरप्रीत सिंह ने 90 प्रतिशत, कम्प्यूटर साइंस में ज्योति धीमान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## दाखिले को लेकर छात्रों में उत्साह



**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में नए सत्र के दाखिलों को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। कॉलेज को माइनॉरिटी स्टेटस मिलने के बाद अब विद्यार्थी सीधे कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं और उन्हें पोर्टल पर आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। कॉलेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह ने बताया कि यूजी स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीटीएम, बीएफएसआई और बीबीए में सीधे प्रवेश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा पीजी स्तर पर एमए पंजाबी, एमकॉम, एमएससी भूगोल, एमएससी गणित, एमएससी कंप्यूटर साइंस तथा पीजीडीसीए में भी दाखिले हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के लिए फीस माफी और निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पूरी फीस माफ करने के साथ कॉलेज प्रबंधन की ओर से 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया जाता है। अब तक 20 विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जा चुका है। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज में सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों और खेलों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष सुविधाएं और फीस में छूट दी जाती है।

# श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर का अंश जिला टॉपर्स में शामिल

## 12वीं में विज्ञान संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट, तरावड़ी (करनाल) के विद्यार्थी अरमान गोयल 95 प्रतिशत, नवनीत कौर 95 प्रतिशत ,नवनीत कौर ( गुलाब सिंह ) 93 प्रतिशत, मंशा 93 प्रतिशत, शाइन 90 प्रतिशत, सरगुन 90 प्रतिशत सहित विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 38 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 51 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का फ़ूल मालाओं और पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। सभी ने ढोल पर थिरक कर अपनी खुशी को जाहिर किया। विषयवार परिणाम भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। फाइन आर्ट्स में 42 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक तथा 51 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक प्राप्त किए। अंग्रेज़ी विषय में 16 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक, 32 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक अर्जित किए।



**तरावड़ी।** निदेशक डा. राकेश शर्मा विद्यार्थियों को फूल मालाओं और पगड़ी पहना कर सम्मानित कर के मुंह मीठा करवाते हुए।

#### विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया मान

म्यूजिक विषय में 17 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक तथा 48 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक अर्जित किए । हिंदी विषय में 13 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इसके साथ साथ विषयवार रिजल्ट में अंग्रेजी में नवनीत और वंशिका ने 99, बायोलॉजी में अरमान ने 98, अंग्रेजी में 98 और केमिस्ट्री में 94 अंक , अंश गोयल ने अंग्रेजी में 96, गणित व फिजिक्स में 93 , नवनीत में इकोनॉमिक्स में 92,शाइन ने हिंदी में 94 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ अकाउंट्स , बिजनेस स्टडीज, सहित अन्य सभी विषयों का परिणाम भी सराहनीय रहा। अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चाँद लगा दिए। विद्यालय की इस सफलता के पीछे शिक्षकों की कड़ी मेहनत, अनुशासित शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों ने नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त विशेष मार्गदर्शन, अभ्यास परीक्षाओं तथा व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत बनाया। साथ ही विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बनाए रखने के लिए निरंतर प्रेरित किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों को अनुकूल वातावरण प्रदान कर तथा निरंतर उत्साहवर्धन करके इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। उनके सहयोग से विद्यार्थी बिना किसी दबाव के अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह केंद्रित रह सके।

## श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर मनाया गया कृपा दिवस

- भजन-कीर्तन, सत्संग और महाआरती में उमड़ेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

इन्द्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर मासिक कृपा दिवस के अवसर पर शुक्रवार 15 मई को विशेष भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज एवं शांतमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज आदि साधु-साध्वी वृंद के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

देवस्थान प्रबंधन के अनुसार श्री घण्टाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव माने जाते हैं तथा तंत्र-मंत्र-यंत्र साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्तिसंपन्न देव के रूप में श्रद्धापूर्वक पूजे जाते हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7:15 बजे तथा सायंकालीन आरती शाम 6:30 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक सत्संग, भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके उपरांत महाआरती तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। प्रीतिभोज का लाभ राजीव जैन महापौर-सोनीपत एवं कविता जैन पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार द्वारा लिया जा रहा है।

### स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति के लिए होगा योग

## योग से स्वस्थ भारत का संकल्प, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल मानव सेवा संघ स्थित योगशाला में योगाचार्य नवीन संदूजा के नेतृत्व में 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत' योगा टीम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियां आरंभ कर दी हैं। योगाचार्य नवीन संदूजा ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय "स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति के लिए योग" रखा गया है, जो स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में योग की महत्ता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत' अभियान के तहत शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस वर्ष प्राकृतिक उपचार, मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

योगाचार्य नवीन संदूजा ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए बताया कि इससे शरीर के सभी अंग सक्रिय रहते हैं और शरीर में किसी प्रकार की रुकावट नहीं रहती। नियमित सूर्य नमस्कार से व्यक्ति दिनभर प्रसन्नचित एवं स्वस्थ रहता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योग कक्षाओं से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग सत्र, प्राणायाम, ध्यान अभ्यास और पार्कों में सूर्योदय योग जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



करनाल। मानव सेवा संघ की योगशाला में अभ्यास कराते योगाचार्य नवीन संदूजा।

#### ये रहे मौजूद

आज की योग कक्षा का संचालन मीनाक्षी मित्तल ने किया। इस अवसर पर सुनीता मान, कविता चौबे, पुष्पा, रूचि, भावना गांधी, आशा, कीमती मान, कमल चोपड़ा, राजू मदान, ईश्वर, समीर, कृष्ण चौधरी और देवी दयाल अरोड़ा सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

## एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी किसानों के साथ मजाक : किसान यूनियन

- सरकार सी2+50 फार्मूले के अनुसार तय करे फसलों के दाम

हरिभूमि न्यूज करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने खरीफ फसलों की एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी को किसानों के साथ मजाक बताया है। यूनियन ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार ने एक बार फिर किसानों को निराश किया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला ने कहा कि धान में केवल 72 रुपए, मक्का में 10 रुपए तथा मूंग की एमएसपी में 12 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है, जो किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने मांग की कि सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी2+50 फार्मूले पर फसलों के दाम तय करे। उन्होंने कहा कि खाद, बीज, दवाई, डीजल, बिजली और कृषि उपकरण लगातार महंगे हो रहे हैं, जबकि फसलों के दाम उसी अनुपात में नहीं बढ़ रहे। इससे किसान लगातार कर्ज के बोझ में दबता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को फसलों के उचित दाम नहीं मिले तो उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी।

#### किसानों ने गिनाईं बढ़ती लागतें

यूनियन नेताओं ने कहा कि खेती में उपयोग होने वाले खाद, बीज, डीजल, बिजली और कृषि उपकरणों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में फसलों के कम दाम किसानों के लिए आर्थिक संकट खड़ा कर रहे हैं।

## विधायक ने कई गांवों का दौरा कर महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने 24 मई को कैथल अनाज मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह को लेकर इंद्री क्षेत्र के गांव छापर, खानपुर, जैनपुर, जनेसरों व सरवन माजरा का दौरा किया और क्षेत्र के लोगों को महर्षि कश्यप जयंती समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। विधायक ने बताया कि राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह 24 मई को कैथल अनाज मंडी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश के अन्य मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही जयंती समारोह में राज्य के सभी जिलों से सर्व समाज के लोग हजारों की संख्या में शामिल होगें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा सभी संत महापुरुषों व धार्मिक गुरुओं की जयंती को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जा रहा है।



**इंद्री।** कैथल अनाज मंडी में 24 मई को होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह का निमंत्रण देते विधायक राम कुमार कश्यप ।

### लाइव स्ट्रीमिंग के बीच प्रशासन, सेना, एसडीआरएफ व स्वास्थ्य विभाग ने किया अभ्यास

# बाढ़ आपदा से निपटने को जपती छपरा में मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर वीरवार को उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्री के गांव जपती छपरा में फ्लड मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सायरन बजते ही प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आया और विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए। मॉक एक्सरसाइज का सुपरविजन सेना की टीम द्वारा किया गया, जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। इस दौरान एडीसी डॉ. राहुल रईया ने प्रभावित स्थल तथा गांव कलसौरा के पंचायत घर में बनाए गए स्टेजिंग एरिया का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। मॉक ड्रिल में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर ब्रिगेड, लोक निर्माण विभाग सहित कई एजेंसियों ने भाग लिया।



**करनाल।** जपती छपरा में आयोजित फ्लड मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव कार्य करते प्रशासनिक अधिकारी व रेस्क्यू टीम।

#### बचाव अभियान तेज

मॉक सीनारियो के अनुसार भारी बारिश के चलते गांव जपती छपरा के खेतों में बाढ़ का पानी भर गया था और किसान उसमें फंस गए थे। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया और विभिन्न एजेंसियों ने संयुक्त रूप से राहत अभियान चलाया। घायलों को इंद्री नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार किया गया, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद राहत केंद्र भेजा गया। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। पत्रकारों से बातचीत में एडीसी डॉ. राहुल रईया ने बताया कि सुबह 10 बजकर 8 मिनट पर आपदा का अलर्ट जारी किया गया और मात्र 14 मिनट में राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा दीवार और आवश्यक बंदिशों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। यह आपदा प्रबंधन का पहला चरण है, जिसके बाद अन्य संवेदनशील गांवों का भी निरीक्षण किया जाएगा। एडीसी ने लोगों से अपील की कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराएं नहीं और अफवाहों से बचें। उन्होंने किसानों को जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम पर सूचना देने के 10 मिनट के भीतर सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गांव काबड़ी में घर से गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव काबड़ी निवासी नरेश के घर से चोरों ने लाखों रुपये कीमत के सोने व चांदी से बने जेवर चोरी कर लिए। वहीं, पीड़ित नरेश की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने घटनास्थल जांचा और अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलभराव रोकने की तैयारी तेज

**पानीपत।** वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण ने सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित सभी तालाबों की पहचान कर उनकी खुदाई, सफाई एवं नवीनीकरण का कार्य प्राथमिकता से करवाया जाए।

### विकास नगर निवासी वृद्धा से गहने ठगे

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के विकास नगर निवासी वृद्धा पुष्पा से महिला व उसके दो पुरूष साथियों ने उसके कानों में पहनी सोने से बनी बालियों को साफ करने का झांसा दिया कर उनके गहने लेकर फरार हो गए। इधर, पुष्पा की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है।

### विक्टर पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र पुरस्कृत

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में तहसील कैंप कृष्ण नगर स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें 488 अंक लेकर अंशु पांडे व गौरव विद्यालय में प्रथम, 486 से गायत्री दूसरे व 481 अंक लेकर कनिका व प्रकीर्ति तीसरे स्थान पर रही। विद्यार्थियों ने सेल्फी लेकर अपनी खुशी जाहिर की। कुल 93 के 93 विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए। जिसमें 60 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया।

### जनता की पहली पसंद है भाजपा : पुजारा

**पानीपत।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को हरियाणा में नगर निकाय चुनावों में मिली जीत पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। दिनेश पुजारा ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है और इसके परिणाम स्वरूप तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनाकर जनता ने मोदी सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने बैठक की

**पानीपत।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला पानीपत की मासिक बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष विजय अरोड़ा, सीए जगदीश धमीजा, सीएस अमित गुप्ता, राकेश बंसल, राजेश सैनी और सूरज भान सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मोदी की अपील के समर्थन में देश सेवा की शपथ ली

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अपील के समर्थन में पेट्रोल व डीज़ल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, कार पूलिंग अपनाने तथा स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. किरण मिदान, डॉ सुनीत शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम, डॉ. निधान सिंह, डॉ. अर्पना गर्ग, प्रो. सोनिया, डॉ. सीमा, प्रो. राजेश, प्रो अश्वनी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं। शिविर में एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी आदि उपस्थित रहे।

---

वाणी फीडस में श्री कृष्ण कृपा फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का शुभारंभ

# जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं देना पुण्य का कार्य : स्वामी गीतानंद

- यह डिस्पेंसरी प्रत्येक रविवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक खुलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत की बरसत रोड बिचपड़ी चौक स्थित अरोड़ा फीड वाली गली में वाणी फीडस में श्री कृष्ण कृपा फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। डिस्पेंसरी के शुभारंभ पर यज्ञ किया गया। यह डिस्पेंसरी प्रत्येक रविवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक खुलेगी। जिसमें होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टरी केदार बतरा रोगियों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां देंगे। इधर, स्वामी ज्ञानानंद ने डिस्पेंसरी के संचालक वाणी फीड्स ग्रुप के संचालक सुरेश अरोड़ा एवं उनकी टीम को इस पुण्य कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस डिस्पेंसरी के माध्यम से आसपास के रहने वाले लोगों को निःशुल्क उपचार मिलेगा। जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए संचालकों को बधाई दी।



पानीपत। श्री कृष्ण कृपा फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी शुभारंभ पर पूजन करते हुए डॉ .केदार बतरा, आदि। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कृष्ण कृपा परिवार के सदस्यों में सुरेश अरोड़ा, सुनील ग्रोवर, डॉक्टर केदार बतरा, चमन गुलाटी, चंद्रशेखर शर्मा, सुभाष गुलाटी, प्रीतम गुर्जर, अवनीश ठाकुर, राजेश बतरा, गुलशन बतरा, ओमप्रकाश सचदेवा, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सुनील थम्मन, पंकज वर्मा, हरबंस आनंद, गौरव छोकरा, रमेश सतीजा हरीश अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---



पानीपत। श्रीश्री रविशंकर के अवतरण दिवस पर भजन संध्या में भाग लेती आर्ट ऑफ़ लिविंग के स्वयंसेवी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीश्री रविशंकर के अवतरण दिवस पर भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्रीश्री रविशंकर के 70वें अवतरण दिवस के पावन उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग पानीपत चैप्टर द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ शिक्षिका कुसुम धीमान द्वारा विधिवत गुरु पूजा के साथ किया गया। गुरु पूजा के दौरान उपस्थित साधकों ने ध्यान एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया। जबकि चंडीगढ़ से पधारी प्रसिद्ध आर्ट ऑफ लिविंग भजन गायिका पौलोमी ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से पूरे सभागार को भक्तिमय बना दिया। वहीं, सत्संग के दौरान वक्ताओं ने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जीवन, उनके मानवता के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों एवं तनावमुक्त और हिंसामुक्त समाज के निर्माण हेतु उनके प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मंच पर आशु, आस्था, नमन, संजीव मनचंदा, हरीश बंसल, गौतम सेतीया, शिल्पी सेतीया, कृष्णा गुप्ता, यतिन, अखिल, मोनिका गुप्ता, अनीता खुराना, दीपिका आदि उपस्थित रहे।

---

रिफाइनरी व समालखा में मॉक ड्रिल की

## विभागों ने आपदा से निपटने की तैयारियों का किया व्यापक परीक्षण



पानीपत। रिफाइनरी क्षेत्र में मॉक ड्रिल का जायजा लेते हुए उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व सैन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में वीरवार को जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग और सुरक्षा बलों के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आईओसीएल और समालखा क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का गहन परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य किसी भी प्राकृतिक या औद्योगिक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता को परखना तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कंट्रोल रूम से पूरे घटनाक्रम की लगातार निगरानी की। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आईओसीएल प्वाइंट का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुरक्षा इंतजामों, राहत कार्यों तथा बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

---



पानलीपत। आर्य स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्रबंधक समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अनुशासित मेहनत से मिलती है सफलता : भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण, प्रबंधक अजय गोयल, कोषाध्यक्ष वेद मित्र, प्राचार्य मनीष घनघस तथा प्रबंधक समिति के सदस्य कृष्ण, सुमित्रा अहलावत व अन्य सदस्यों सभी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जबकि प्राचार्य मनीष घनघस ने कहा कि अनुशासित मेहतन से ही विद्यार्थियों को सफलता मिलती है।

---

## नव नियुक्त 89 पटवारियों को नियुक्ति पत्र दिए

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीरवार को 89 नव नियुक्त पटवारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्व विभाग प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी है और पटवारी जनता व सरकार के बीच सीधा संपर्क सूत्र होता है। डॉ दहिया ने कहा कि सभी नव नियुक्त पटवारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना और रिकॉर्ड को सही तरीके से व्यवस्थित करना प्रत्येक पटवारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें कॉमर्स संकाय में मुस्कान बंसल ने 97.4 प्रतिशत, नॉन मेडिकल में अंशुल ने 95.2 और कला संकाय में सुनैना ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कुल 184 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थियों ने मेरिट ली है। तथा 133 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान रणदीप कादियान ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

---

## विश्व प्रवासी पक्षी दिवस पर 29वां नैनो जंगल बनाया




पानीपत। विश्व प्रवासी दिवस पर 29 वें नैनो जंगल में पौधे रोपते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नई राह ने विश्व प्रवासी दिवस पर हुडा सेक्टर-24 में चांदनी बाग के पीछे 29 वें नैनो जंगल का निर्माण कर 200 पौधे लगा पक्षियों के लिए एक प्राकृतिक आशियाना बनाया है। जिसका उद्घाटन मेयर कोमल सैनी और उनके पति दिनेश सैनी व पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापति ने किया। वहीं मेयर कोमल पीएम मोदी की पुकार पर अपनी इको स्कूटी पर आई तथा और पेट्रोल व प्रदूषण बचाने का लोगों को नया संदेश दिया।

जबकि डॉ.हेमा रमन ने कहा कि हमारे पर्यावरण में पारिस्थितिक संतुलन केवल पौधारोपण से ही बच सकता है। वहीं आरडब्ल्यू सेक्टर-24 के प्रधान कंवल सिंह सहारन, सतपाल प्रजापति, अमित जिंदल, अमित महला, रोशन, नरेंद्र जागलान ने इसकी जिम्मेदारी ली। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि पक्षी भी हमारे पर्यावरण के अहम हिस्से हैं। हमें इनके प्रवास का उचित ध्यान रखना चाहिए। पक्षियों का संरक्षण भी केवल पेड़ लगाने से होगा। इस अवसर पर ग्रीन मिशन के संयोजक संदीप जिंदल, अमित गुप्ता, जगदीश धमीजा, तुषार, नई राह से राजकुमार, गौरव व सुनील गर्ग आदि उपस्थित रहे।

---

**विकास कार्य** | सीएम ने मंजूरी दी, उपभोक्ताओं को कार्य कराने में आसानी होगी

# पानीपत के बीच में बनेगा बिजली निगम का नया ऑफिस, 16.67 करोड़ की लागत आएगी

- बिजली निगम का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत शहर विधानसभा को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिजली की निर्बाध आपूर्ति व शिकायतों का तत्काल निराकरण हो इसके हेतु पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से जिला सचिवालय के पीछे लगभग 16 करोड़ की लागत से मल्टी स्टोरी बिल्डिंग कार्यालय के बनाने को मंजूरी दी है। 16.67 करोड़ की लागत आएगी। स्मरणीय है कि बिजली निगम के मुख्य कार्यालय गोहाना रोड पर स्थित है। इस स्थल पर बिजली संबंधी कामकाज कराने को आवागमन करने में नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, निगम के कार्यालय का भवन भी जर्जर हो चुका है। इसके चलते विधायक विज के प्रयासों से शहर के बीचोंबीच में बिजली निगम का कार्यालय बनेगा। वहीं बिजली निगम का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। दूसरी ओर, बिजली अधिकारी धर्म सिहाग ने विधायक प्रमोद विज का आभार जताया। जबकि विधायक प्रमोद विज ने कहा शहर के बीच में बिजली निगम कार्यालय बनने से जनता को लाभ होगा। दूसरी ओर, विधायक प्रमोद विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने निजी वाहनों का प्रयोग लगभग बंद कर दिया है। विज ने आम यात्री की तरह ट्रेन से चंडीगढ़ आवागमन किया।





पानीपत। रेलवे प्लेट फार्म पर यात्रियों से पानीपत के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए तथा चंडीगढ जाने के लिए रेल के डिब्बे में सवार होते हुए विधायक प्रमोद विज। फोटो : हरिभूमि

---

## न्यूज डायरी

### एचपीवी टीकाकरण पर बैठक हुई

**पानीपत।** जिला पानीपत में 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से शुरू किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा उनकी जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में एडीसी अंकित चौकसे, सीएमओ डॉ विजय मलिक ने बताया कि 1 मार्च 2011 से 28 फरवरी 2012 के बीच जन्मी लड़कियां को टीका लगाया जाएगा।

### टेक्नोलॉजी डे मनाया

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव मतलौड़ा में नेशनल टेक्नोलॉजी डे का शुभारंभ हुआ। वहीं, अतिथि के रूप में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत वर्षा शर्मा, प्राचार्य राकेश भाटिया आईटीआई पानीपत, अशोक कुमार वर्ग अनुदेशक, नवीन मुद्गिल एमडी शिवा ऑटोमेशन, दिव्या हांडा एमडी एंडी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स की सराहना की।

### कन्या स्कूल का रिजल्ट रहा शतप्रतिशत

**समालखा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुलकाना की 55 छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी तथा सभी पास हुई। वहीं 25 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट प्राप्त की और चार छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिसमें छात्रा दिव्या पुत्री सोमपाल ने 500 में 474 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल देवेंद्र सिंह राठी ने समस्त स्टाफ सदस्यों व बच्चों को अच्छे परिणाम की बधाई दी और उनको मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर सुनील राठी, संजय गुप्ता, संध्या रानी, ॠ तु आदि उपस्थित रहे।

### नारी कल्याण समिति ने मदर्स डे मनाया

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति की ओर से समिति की प्रधान कंचन सागर के निवास पर मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर ज्योतिका सक्सेना, रजनी बेनीवाल, सुमन सिंगला, इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की प्रधान रुपाली चोपड़ा, नीतू छाबड़ा, सचिव प्रियंका ढुआ, सिमरन, रेनु, ज्योति रहेजा, सांझी सागर, विद्या सागर भाटिया, भव्य सागर, सरोज आहुजा, ज्योत्स्ना गर्ग, सिमरन गिरधर, प्रियंका ढुआ, रजनी बेनिवाल, अनु कालड़ा, सुनीता गुलाटी, शशि शर्मा, नीलम मेहता, निशा गर्ग, बबीता गर्ग, रमेश बुद्धिराजा, रेनु बंसल व नीलम नागपाल आदि मौजूद रहे।

### सेंट मेरी स्कूल में ईशांक व आरना टॉपर



पलक पंवार



आरना तुली

**पानीपत।** सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। जिसमें विज्ञान संकाय में ईशांक गर्ग ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रहा। जबकि गुरशान सिंह ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और पलक पंवार ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रही। आरना तुली ने कामर्स संकाय में 97.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय रहे। प्राचार्या दीपा सेबेस्टियन व प्रबंधक फादर कार्तिक एबल ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### हनुमानजी की मूर्तियों का लोकार्पण करेंगे ज्ञानानंद

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा श्री कृष्ण कृपा गोशाला में 15 मई गीता मनीषी के जन्म दिवस को गाय गोपाल और हनुमान जी की मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा। इन मूर्तियों की विशेष पूजा गुरुवार को की गई। इस पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में गोशाला प्रधान सुनील वत्स व धर्मपत्नी सविता, मंगत राम जिंदल व उनकी धर्मपत्नी, हंसराज सिंगला व उनकी धर्मपत्नी, पवन भारद्वाज व उनकी धर्मपत्नी किरण, विजय बवेजा व उनकी धर्मपत्नी तथा रवि शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ॠतु सहित उपस्थित रहे।

### टीबी के 200 रोगियों को गोद लिया

- रोगियों को पौष्टिक भोजन की किट वितरित की गई

**समालखा।** वीएसपी चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत समालखा ब्लॉक के सभी टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार के लिए गोद लिया है। ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में समालखा के 200 टीबी रोगियों को पौष्टिक भोजन की किट वितरित की गई। ट्रस्ट के पाला राम एवं महेन्द्र वशिष्ठ ने उपस्थित सभी रोगियों को दवाई के साथ साथ प्रोटीन युक्त डाइट लेने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.संजय अंतिल, डा.निधि मुंजाल, डा.लाभ सिंह, गुरुदत्त, नरेश कुमार, रविंदर, संदीप बेनीवाल ट्रस्ट की ओर से कपिश, मांगे राम, दीपक, सुनील, रिंकू और प्रमोद आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**श्रीमति जीत कुमारी धर्म पत्नी स्व. श्री हंसराज निवासी मकान नं.637/15, पटेल नगर, तहसील कैम्प, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति जीत कुमारी धर्म पत्नी श्री स्व0 हंसराज निवासी मकान नं0 637/15 पटेल नगर तहसील कैम्प, पानीपत तह0 व जिला पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मेरे पिता श्री सुन्दर दास पुत्र श्री चन्द्रभान निवासी मकान नं0 83 जवाहर नगर तहसील कैम्प, पानीपत की मृत्यु दिनांक 05.02.1999 को हो चुकी है। यह कि श्री सुन्दर दास पुत्र श्री चन्द्रभान की मृत्यु उपरान्त जाईज वारिस इस प्रकार है 1. जीत कुमारी पुत्री 2. पूनम पुत्री 3. नितिन वर्मा पुत्र स्व0 नीलम पुत्री सुन्दर दास दयौता जीवित है। और स्व0 सुन्दर दास की माता लुड़दी बाई का मृत्क से पहले स्वर्गवास हो चुका है और मृत्क की पत्नी राम देवी की दिनांक 01.06.2012 को व मृत्क के अविवाहित पुत्र यशपाल दिनांक 14.08.2024 को व मृत्क की पुत्री नीलम का दिनांक 02.05.2021 को स्वर्गवास हो चुका है। उपरोक्त वारसान के ईलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा अंजली शर्मा नगर निगम पार्षद वार्ड नं0 4 पानीपत व हिमांशू पटवारी हल्का तरफ इन्सार पानीपत दिनांक 11.05.2026 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है- 1. जीत कुमारी पुत्री 2. पूनम पुत्री 3. नितिन वर्मा पुत्र स्व0 नीलम पुत्री सुन्दर दास दयौता पुत्री/दयौता स्व0 सुन्दर दास पुत्र स्व0 श्री चन्द्रभान है । इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.210 है।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**खबर संक्षेप**

## महाकाली मंदिर में होगी वट वृक्ष की पूजा

**नारायणगढ़।** प्राचीन श्री महाकाली मंदिर में शनिवार को शनि जन्म महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाएगी । मंदिर के पुजारी राम चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ऐसा 100 वर्षों में संयोग बना है कि शनि जन्मोत्सव शनिवार को ही आ रहा है। शनि महाराज की पूजा कमल के फूल व नीले रंग के फूल से पूजा की जाएगी। इस दिन शनि मंत्र से हवन किया जाएगा। उड़द की दाल से अमरती का भोग तथा काले छोले और हलवा का भोग लगाया जाएगा और दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

## मुख्य वाटर वर्क्स में पानी नहीं, आपूर्ति बाधित

**अंबाला।** कार्यकारी अभियंता कर्ण सिंह ने बताया कि 15 मई को अंबाला शहर की लालपुर बस्ती के बिजली बाधित रहने के चलते शहर का मुख्य वाटर वर्कस में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। इसके चलते 15 मई को प्रातः से लेकर देर शाम तक उपभोक्ताओं को पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकेगी। उन्होने सभी लोगों से अपील की है कि इस स्थिति को देखते हुए वीरवार को वह अपने घरों में पानी का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक रखें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाधान शिविर इसी उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक देरी न हो और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाए।

## 10वीं के परीक्षा परिणाम में संजना रही अव्वल

**शहजादपुर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ का परीक्षा परिणाम एक बार पुनः शत प्रतिशत रहा। संजना ने 461/500 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सृष्टि ने 435/500 व युक्ति 425/500 ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 12 विद्यार्थीयों की मेरिट है और 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थीयों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. नीलम शर्मा ने सभी विद्यार्थीयों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रदान की।

## एसडीएम ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश

**जींद।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि आने वाले मानसून को देखते सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। किसी भी विभाग को कार्य करवाने में अगर कोई तकनीकी बाधा आ रही है तो उसके बारे में सूचित किया जाए ताकि समय पर समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने शहर में बरसाती पानी से जलभराव की समस्या के समाधान पर अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से हुई मॉक ड्रिल

# सायरन बजते ही हरकत में आई टीमें, तुरंत शुरू हुआ राहत कार्य

**शहर के नागरिक अस्पताल में बिल्डिंग टूटने पर किए जाने वाले बचाव को लेकर रिहर्सल की गई, घायलों को बाहर निकालने का भी कार्य किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से जिले में मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई। इसी कड़ी में अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में पूरी कार्रवाई जिसमें एसडीएम दर्शन कुमार की अध्यक्षता में तमाम गतिविधियों का परीक्षण किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान प्राकृतिक आपदा के तहत नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग अचानक टूटने के चलते वहां पर कई लोग भवन में फंस गए जिसे मौके पर रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर निकाला। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, गृहरक्षी, पुलिस विभाग तथा फायर ब्रिगेड विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से अपने-अपने विभाग की ड्यूटी का निर्वहन किया। इस दौरान घायलों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित भवन से निकालकर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलवाया। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घायलों का समय रहते उपचार करते हुए उनके जीवन को सुरक्षित किया। इसके साथ-साथ रेडक्रॉस व निजी संस्थाओं द्वारा यहां पर जो आवश्यक वस्तुएं थी वह भी यहां पर रखी गई ताकि इस आपदा में जो भी सामान आवश्यक हो उन्हें दिया जा सके। मॉक ड्रिल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एनआईसी कार्यालय के सभागार में कंट्रोल रूम भी बनाया गया था। वीसी के माध्यम से यहां पर जो भी गतिविधियां की गई उसकी समीक्षा भी की गई। एसडीएम ने इस अवसर पर यह भी बताया कि रेडक्रॉस व उनकी टीम में शामिल विद्यार्थियों ने भी इस आपदा के समय जो कार्य किए जाने थे उसे बहुत ही बेहतर तरीके से करने का काम किया है। स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ डॉ. रेणु बेरी ने बताया कि यहां पर जो मॉक ड्रिल हुई थी उसमें स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों ने भी आगे आकर अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाते हुए परीक्षण के इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की है। रेडक्रॉस की टीम में शामिल डॉक्टर किरण आंगरा ने बताया कि विद्यार्थियों को आपदा के समय क्या-क्या कार्य करने हैं उस बारे में ट्रेनिंग दी जाती है जोकि उनके पाठयक्रम में शामिल रहता है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की टीम, पुलिस विभाग, गृहरक्षी विभाग तथा फायर ब्रिगेड विभाग की टीम ने भी अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुए यहां पर सफल परीक्षण किया है। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बढ़ाना और आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सीएमओ डॉ. रेणु बेरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई। वहीं रेडक्रॉस की डॉक्टर किरण आंगरा ने कहा कि विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि जरूरत पड़ने पर वे भी प्रभावी भूमिका निभा सकें। सभी विभागों के समन्वित प्रयास से यह मॉक ड्रिल सफल रही। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अदिति, जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।


अंबाला। मॉक ड्रिल में व्यक्ति की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### 14 लोगों के होने का किया फिल्मांकन

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि 13 जिलों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई है जिसमें अंबाला शहर का नागरिक अस्पताल भी शामिल है। यहां पर अचानक भवन की बिल्डिंग टूटने पर होने किए जाने वाले बचाव को लेकर रिहर्सल की गई। आपदा के समय घायलों को किस तरह बाहर निकाला जाता है इसकी भी रिहर्सल की गई। उन्होंने इस मौके पर बताया कि इस आपदा के तहत अस्पताल के भवन में 14 लोगों होने का फिल्मांकन किया गया। जिनमे से कुछ लोगों को पैर में तथा सिर पर गंभीर चोटें लगने का मंचन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों का उपचार किया जाना, रेस्क्यू टीमों द्वारा घायलों को सुरक्षित निकालना व अन्य तमाम गतिविधियों का यहां पर परीक्षण किया गया। एसडीएम ने यह भी बताया कि सभी टीमों ने अपना कार्य बेहतर तरीके से किया है और इस घटना में सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति घायल हो गए थे उन्हे यहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में रिलिफ सेंटर में दाखिल करवाया गया। यहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया।

## कॉमर्स में सिमरजीत कौर 96% अंक लेकर टॉपर


बराड़ा। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में छात्रा सिमरजीत कौर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। दविंदर कौर एवं खुशी गोयल ने 90 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नवजोत सिंह ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में महक पाल ने 82 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिका ने 81 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा युवराज सिंह ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त नवनीत कौर ने 78 प्रतिशत, नमनप्रीत कौर ने 77 प्रतिशत तथा मनमीत सिंह ने 77.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में रश्मि ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पारस राणा एवं रिया ने 79 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वंशिका ने 73 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जैन साध्वियों के प्रवचनों से श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**मुलाना।** एसएस जैन स्थानक में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शासन प्रभाविका उपप्रवर्तिनी महासाध्वी कैलाशवती महाराज की सुशिष्याएं श्रमणी रत्ना महाराज एवं प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी सुचेता महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है, इसलिए इसे सत्कर्म, धर्म और मानव सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मकल्याण तथा सदाचार को अपनाना है। इस दौरान मधुरगायिका महासाध्वी डॉ. श्री समीक्षा महाराज एवं नवदीक्षिता अर्हती महाराज ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों और प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि जैन स्थानक में 17 मई रविवार को प्रातः प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी सुचेता महाराज के सानिध्य में महासाध्वी कैलाशवती महाराज एवं महासाध्वी डॉ. श्री समीक्षा महाराज की दीक्षा जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## शैमफोर्ड स्कूल के नमन ने विज्ञान संकाय में 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर मारी बाजी

**बराड़ा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शैमफोर्ड विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत शानदार एवं गौरवपूर्ण रहा।विज्ञान संकाय में नमन ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में श्रेष्ठ स्थान हासिल किया। इसके अलावा जतिन ने 91.8 प्रतिशत, अश्मित ने 88.2 प्रतिशत, गुरलीन ने 87.2 प्रतिशत, गुरदीप ने 85 प्रतिशत, पलक ने 84.8 प्रतिशत, भूमिका ने 83 प्रतिशत, गुरमीलन व हार्दिक ने 81.6 प्रतिशत तथा अद्वितीय ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में प्रांशुल ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कला संकाय में अंशिका ने 88.6 प्रतिशत तथा शगुन ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## राजकीय उच्च विद्यालय की छात्रा खुशी 447 अंक के साथ बनी टॉपर, सिम्मी द्वितीय व कुमकुम तृतीय

**अंबाला।** राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर ने इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मेट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय की छात्रा खुशी ने 447 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सिम्मी ने 411 अंक प्राप्त कर दूसरा तथा कुमकुम ने 398 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 25 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है जबकि 10 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 2 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मुखिया जसविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।





## खेल, कला और शिक्षा में आस्था की शानदार उपलब्धि,12वीं में पाए 90% अंक

- राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी व उभरती चित्रकार है आस्था


अंबाला। राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी आश्था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी और उभरती चित्रकार आस्था ने खेल, कला और शिक्षा—तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आस्था ने 500 में से 450 अंक प्राप्त कर 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

आस्था ने अब तक पांच बार राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में उसने पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि चंडीगढ़ और हरियाणा का नाम भी गौरवान्वित किया है।

खेलों के साथ-साथ आस्था की कला के क्षेत्र में भी विशेष पहचान बन चुकी है। उसकी बनाई पेंटिंग्स को प्रतिष्ठित एग्जिबिशंस में स्थान मिल चुका है, जहां उसकी रचनात्मकता और कलात्मक सोच की सराहना हुई। इसके अतिरिक्त मनोविज्ञान विषय पर भी उसकी गहरी समझ और रुचि उसे बहुआयामी प्रतिभा के रूप में स्थापित करती है।

आस्था चंडीगढ़ के सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल की छात्रा है। उसके पिता दिनेश कुमार हरियाणा विधान सभा में मीडिया एवं संचार अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। परिवार सेक्टर-19, चंडीगढ़ में निवास करता है।

आस्था की इस उपलब्धि पर परिवार, विद्यालय तथा परिचितों में खुशी का माहौल है। उसकी सफलता को मेहनत, अनुशासन और बहुमुखी प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

## न्यू सरस्वती स्कूल की छात्रा रिया ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में मारी बाजी, स्कूल ने मनाया जश्न

**नारायणगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में न्यू सरस्वती सीनियर सेकंडरी स्कूल नगला राजपूतान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी ने बताया कि कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में स्कूल से रिया ने 481/500 (96.2 प्रतिशत ) अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही मनु पुत्र हरीश कुमार व मितांशु दोनों बच्चों ने 478/500 ( 95.6 प्रतिशत) अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही नीरज पुत्री जयपाल 477/500( 95.4 प्रतिशत ) अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि सत्र 2025-26 में दसवीं के बोर्ड परीक्षा में कुल 54 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए । जिनमें से 4 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए ,10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक ,8 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक , 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक लिए व शेष सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी व मुख्य सलाहकार रेनू- भूषण ने विद्यार्थियों, अध्यापकगणों व अभिभावकों को तहदिल से मुबारकबाद दी व अपनी प्रसन्नता का इजहार करते हुए सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।

- **हरीश कुमार व मितांशु ने द्वितीय और नीरज ने तृतीय स्थान किया हासिल**



## आरपीएस स्कूल : स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2, अक्षिता धिमान ने 99 , वनिश जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 फीसदी अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। सीईओं इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व हयूमेनिटिज में अपनी परंपरा का परिणाम दिया है। आरपीएस की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 , अक्षिता धिमान ने 99 , वनिषा जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4 , भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 , नमन, गरिमा, रितिका, वंशिका व चिराग ने 97.8 , धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 , वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 , निहारिका यादव, ईशिका, साहिल, वेदांशि, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

**12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए**



## मेडिकल संकाय में तान्या व मिंकल ने किया टॉप

**बराड़ा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। मेडिकल संकाय में तानिया, मिंकल, पलकप्रीत एवं दक्षिता ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉन-मेडिकल संकाय में देवांश कम्बोज, हिमांशी, नमन गुप्ता एवं राघव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं कॉमर्स संकाय में यशिका, वंशिका एवं प्रतीक ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## 30 मई तक चलेगा प्रदेश में जनगणना का कार्य

**शहजादपुर।** शिवजीत भारती ने बताया कि मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक उपमंडल में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के सफल संचालन के लिए खंड नारायणगढ़ एवं शहजादपुर में जनगणना कार्य हेतु नायब तहसीलदार सुनील कुमार को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए नगरपालिका सचिव राजेश कुमार को चार्ज अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना 2026 के कार्य में अधिकारियों का सहयोग करें। देश की प्रगति की दिशा में जनगणना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाईन के प्रभारी पूजा ने बताया कि गांव बुटाना सोनीपत निवासी उमंग ने बताया कि वह कार्यवश जींद आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को नया बस अड्डा पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद उसने अपनी मोटरसाइकिल को देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक को चोरी पाया। पुलिस ने उमंग की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर गोंसाईखेड़ा निवासी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनसूई के सरपंच व उसके पेट्रोल पंप पर हैंड ग्रेनेड से होना था बड़ा धमाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद से पकड़े गए गैंगस्टर सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा ने अंबाला में हैंड ग्रेनेड से धमाका करने वाला था। यहां के एक गांव के सरपंच और उसका पेट्रोल पंप भी उसके निशाने पर था। इसके लिए सूर्यप्रताप विदेश में बैठे लखबीर लांडा गैंग के अपने साथी के इशारे का इंतजार कर रहा था। हालांकि घटना से पहले ही एसटीएफ अंबाला यूनिट और पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर सूर्यप्रताप को काबू कर लिया। उसके कब्जे से अवैध पिस्टल, एक मैग्जीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं। आरोपी ने शाहाबाद में अपने मोटर यार्ड में खड़ी स्कोडा कार से हैंड ग्रेनेड भी बरामद करवाया है। हैंड ग्रेनेड की बरामदगी के बाद पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। जांच टीम के मुताबिक अंबाला शहर के सैनी माजरा के रहने वाले सागर सैनी और परगट निवासी दबखेड़ी (कुरुक्षेत्र) विदेश से अपनी गैंग को चला रहे हैं। दोनों लखबीर सिंह लांडा गैंग के मेंबर है। तंगौर गांव का रहने वाला सूर्यप्रताप काफी समय से इन दोनों के संपर्क में था। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले विदेश में बैठे सागर और परगट ने यहां के जनसूई गांव के सरपंच सुरेंद्र सिंह उर्फ काला से फिरौती मांगी थी। मांग पूरी नहीं होने पर सरपंच के घर और पेट्रोल पंप को बम से उड़ाने और उन पर फायरिंग करने की धमकी दी थी।


अंबाला। पकड़ा गया आरोपी एसटीएफ की हिरासत में।




## पार्क अस्पताल, मोहाली ने सफलतापूर्वक पूरी की 2500 रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग सर्जरी

**अंबाला।** पार्क अस्पताल, मोहाली के डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ भानु प्रताप सिंह और सीनियर कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, डॉ अनिल कपूर वशिष्ठ ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रोबोटिक नी रिसर्फेसिंग सर्जरी में हुई हालिया प्रगति पर प्रकाश डाला।पार्क अस्पताल उत्तर भारत का दूसरा सबसे बड़ा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नेटवर्क है, जिसमें 17 अस्पताल, 4160 बेड, 900 आईसीयू बेड, 15 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और 1200 से अधिक डॉक्टर हैं।डॉ भानु प्रताप ने कहा, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली में हमने 2500 से अधिक रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। अपनी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली और पार्क हॉस्पिटल, पंचकुला अपने सभी मरीजों को 30 जून तक मुफ्त रोबोटिक तकनीक उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक उन्नत स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। डॉ भानु ने यह भी बताया कि पहले नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के पूरे इलाज के लिए मरीज को 3-4 सप्ताह अस्पताल में रहना पड़ता था। लेकिन रोबोटिक सर्जरी में हाल ही में हुई प्रगति से अब हम रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी 12-15 मिनट में कर रहें हैं।